# निवेश मित्र पोर्टल से 4 लाख आवेदन स्वीकृत

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊः ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश की रैंकिंग में आए सुधार का असर निवेश मित्र पोर्टल पर आने वाले आवेदनों पर भी दिखने लगा है। उद्योग विभाग ने निवेश मित्र पोर्टल के जरिए चार लाख से ज्यादा स्वीकृतियां दी हैं। ये स्वीकृतियां फरवरी, 2018 से अब तक दी गई हैं।

सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र पर 4,77,761 आवेदन मिले, जिसमें 4,03,806 स्वीकृति हो गईं। 96% आवेदनों का निस्तारण किया गया। वहीं 85% को अनुमोदन दिया गया। पोर्टल के जरिए 27 से अधिक विभागों की 347 लाइसेंसिंग सेवाएं दी जाती हैं।